प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मथुरा में कल रात कोयला लदी मालगाड़ी के 26 डिब्बे पटरी से उतर : मथुरा जंक्शन से गुजरने वाली 12 ट्रेनें रद्द, 10 से ज्यादा ट्रेनों का मार्ग बदला।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की 83 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : गोरखपुर मं फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का किया शुभारंभ।
3. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज अयोध्या में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 26 मेधावियों को दिये स्वर्ण पदक।

और

4. प्रदेश के 25 जनपद बाढ़ से प्रभावित : बुलंदशहर, मेरठ, और संभल समेत पांच जनपदों में आज बंद रहे स्कूल।

————————

मथुरा में कल रात कोयला लदी मालगाड़ी के 26 डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे से डाउन अप लाइनों पर कोयले का ढेर लग गया। उत्तर मध्य रेलवे ने मथुरा जंक्शन से गुजरने वाली 12 ट्रेनों को 20 सितंबर तक रद्द कर दिया है, जबकि 10 से ज्यादा ट्रेनों का मार्ग बदला गया है।

वृंदावन रोड और आझई स्टेशनों के बीच हुई इस दुर्घटना से रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित होने के कारण सैकड़ों यात्री मथुरा और आगरा रेलवे स्टेशनों पर फंस गये हैं। उत्तर मध्य रेलवे के जीएम यूसी जोशी ने कहा कि पटरी की मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है और पटरी की मरम्मत में कम से कम 24 घंटे लगेंगे। बाइट.....

*करीब 26 वैगनस डिरेल हुए है। रेलवे ने अपना इंस्ट्रीट्यूशन काम शुरू कर दिया। हमारी कई टीम्स लगी हुई है। अभी इसमें 4 लाइन वर्कस लगे हुए है एक लाइन अभी चल रही है। मेन लाइन अभी बाकी है, जल्द सही हो जायेगी। हम लोग का पूरा प्रयास है कि जल्द हम लोग इसको रिस्टोर करके बाकी लाइन भी चलाये। कुछ ट्रेने हमने डायवर्ड कर दिया, बाकी ट्रेने जैसे ये ठीक हो जायेगी, तो स्टन कर दिया जायेगा। एक इनक्वारी कमेटी इसमें बैठगी उसके बाद ही कुछ पता चल पायेगा। अभी सरा ध्यान हमारा केन्द्रित है हम इसको रिस्टोरेशन जल्दी करे।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या के मिल्कीपुर में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की 83 विकास परियोजनाआं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को 30 हजार करोड़ रुपये से विकास की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि अकेले अयोध्या में प्रधानमंत्री

**आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अब तक 43 हजार 664 आवास स्वीकृत किए गए हैं। बाइट....**

*अकेले अयोध्या में प्रधानमंत्री योजना में अब तक 45664 लाभार्थियों को ग्रामीण क्षेत्र में और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 19964 आवास हम लोगों ने अयोध्या में स्वीकृत किये हैं, जिनमें मिल्कीपुर में 8195 आवास ग्रामीण क्षेत्र में बने हैं। साथ–साथ हम लोगों ने यहां पर मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत भी 2369 लाभार्थियों को आवास की योजना का लाभ प्रदान किया है।*

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के रामगढ़ ताल में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ग्रीनवुड अपार्टमेंट आवासीय परियोजना के आवंटियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ताल आज 1,800 हेक्टेयर क्षेत्र में एक बेहतरीन प्राकृतिक झील के रूप में पूरे देशवासियों और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। बाइट....**

*आज गोरखपुर का एयरपोर्ट सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में से एक है। आज गोरखपुर में रेलवे की बेहतरीन कनेक्टिविटी है, आज गोरखपुर में फर्टिलाइजर कारखाना फिर से शुरू हो गया है। गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज, आप स्वास्थ्य के बेहतरीन केन्द्र के रूप में आगे बढ़ा है और आज एम्स भी गोरखपुर में संचालित होकर अपनी स्वास्थ्य सेवाएं यहां के नागरिकों को उपलब्ध करा रहा है। रामगढ़ ताल, जो कभी स्वयं मृत प्रायः रूप हो गया था, आज 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में बेहतरीन प्राकृतिक झील के रूप में पूरे देशवासियों को हर पर्यटक को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।*

———————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज अयोध्या में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 26 मेधावी छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक और 595 छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की। साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गांव के बच्चों के बीच हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों से अनाज और पानी बर्बाद न करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह बचत हमारे भविष्य को सुरक्षित करती है।

————————

केन्द्र सरकार ने सहारा समूह सहकारी समतियों के छोटे जमाकर्ताओं के लिये वापस की जाने वाली राशि की सीमा 10 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी है। सहकारिता मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कल यह जानकारी दी। सरकार ने अब तक सहकारी समितियों क केन्द्रीय पंजीयन सीआरसीएस सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से सहारा समूह की सहकारी समितियों के 4 लाख 29 हजार से अधिक जमाकर्ताओं को 370 करोड़ रुपये जारी किये हैं। रिफंड राशि की सीमा 50 हजार रुपये तक बढ़ने से अगले 10 दिन में लगभग एक हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया जायेगा।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में पंद्रह लाख करोड़ रूपये की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। साथ ही सरकार ने तीन लाख करोड़ रूपए की परियोजनाओं की घोषणा की है। सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। सरकार ने कनेक्टिविटी बढ़ाने और यात्रा का समय घटाने के लिए 30 हजार 700 करोड़ रुपये की मेट्रो परियोजनाओं को मंजूरी दी है। भर्ती में पारदर्शिता के लिए सरकार ने लोक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम लागू किया गया है।

————————

बक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा केंद्र निर्धारण प्रक्रिया की आधिकारिक

समय–सारिणी जारी कर दी है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों का निर्धारण 25 सितंबर, 2024 से शुरू होकर 28 नवंबर, 2024 तक पूरा किया जाएगा।

---

समाजवादी पार्टी के भदोही विधायक जाहिद बेग ने आज मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सपा विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी सोमा बेग के खिलाफ घरेलू नाबालिग सहायिका के आत्महत्या मामले में मुकदमा दर्ज है।

---

समाजवादी पार्टी ने बहराइच में भेड़ियों के हमले से पीड़ित परिवारों को 50 हज़ार रुपये की आर्थिक मदद देने का एलान किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आज लखनऊ में कहा कि बहराइच में भेड़ियों के हमले के मामले में प्रदेश सरकार पर सवाल उठाते हुए पीड़ित परिवारों के लिये आर्थिक मदद की मांग की। सपा प्रमुख ने सरकार जिम्मेदार से अधिकारियों पर कार्रवाई करने और एसटीएफ लगाने की भी मांग की।

---

भारतीय जनता पार्टी राहुल गांधी के विदेश में दिए पिछड़ों के आरक्षण खत्म करने के बयान के विरोध में 20 सिंतबर से रोष मार्च निकलेगी। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने आज लखनऊ में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। श्री कश्यप ने कहा कि प्रदेश के 17 महानगरों में प्रदर्शन कर कांग्रेस का विरोध किया जाएगा।

---------

बसपा प्रमुख मायावती ने केंद्रीय कैबिनेट में पास हुए वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को सकारात्मक बताया है। उन्होंने लखनऊ में आज पार्टी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में यह बात कही। इस बैठक में प्रदेश में होने वाले आगामी उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। बसपा प्रमुख ने पार्टी के जनाधार को बढ़ाने और संगठन को मज़बूत करने के दिशा निर्देश भी दिए।

---------

प्रदेश में रुक–रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण 25 जनपदों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। गंगा, घाघरा और शारदा नदी का जलस्तर अलग–अलग जनपदों में विकराल रूप ले रहा है। घाघरा नदी के बढ़े जलस्तर के दबाव के कारण बलिया में कल मध्य रात्रि राष्टीय राजमार्ग इकतीस का एक हिस्सा बैरिया से माझी के बीच चांद दीयर के पास टूट गया। इसके

चलते उत्तर प्रदेश का पड़ोसी राज्य बिहार से सम्पर्क कट गया और आसपास के गांवों में पानी पहुंचनें से जन–जीवन

प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन की टीम सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन चालू करने के लिये प्रयासरत है। बारिश के कारण आज बुलंदशहर, मेरठ, और संभल में कक्षा 12 तक के सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहे। वहीं अमरोहा और मैनपुरी में कक्षा 8 तक के स्कूलों में अवकाश रहा। बुलंदशहर में बारिश के कारण शिकोई गांव में अलग अलग स्थानों पर तीन मकान गिरने से माँ बेटे समेत पांच लोग घायल हो गये। उधर, मेरठ में मकान गिरने से 10 लोगों की मौत के मामले में प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष से मृतकों के परिवार वालों को दो–दो लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपए की मदद की घोषणा की गई है।

(समाप्त)